मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 41 ■ अंक : 285 ■ सोमवार, 12 फरवरी 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**'रजाकर' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर पहुंची कंगना**

## गणपत गायकवाड़ का ड्राइवर यादव गिरफ्तार





■ भिवंडी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**उल्हासनगर.** विधायक गणपत गायकवाड़ द्वारा हिल लाईन पुलिस थाना फायरिंग मामले में बड़ी खबर सामने आई है. घटना में फरार आरोपी रंजीत यादव को भिवंडी क्राइम ब्रांच ने अहमदनगर से गिरफ्तार कर लिया है. रंजीत यादव विधायक गणपत गायकवाड़ का निजी ड्राइवर बताया गया है. गोलीबारी की घटना के बाद से फरार चल रहे रंजीत को भिवंडी क्राइम ब्रांच ने शनिवार रात अहमदनगर से गिरफ्तार कर लिया. वहीं पुलिस को शक है कि वैभव गायकवाड़ विदेश भाग गया है। ज्ञात हो कि 14 फरवरी तक गणपत गायकवाड़ रिमांड में है। वहीं गणपत गायकवाड़ के फरार बेटे वैभव गायकवाड़ के जल्द ही आत्म समर्पण करने की भी खबर सूत्रों द्वारा मिली है.

### क्राइम डायरी...

## नौकरी दिलाने के नाम पर 3.50 लाख ठगे



**उल्हासनगर.** 22 सेक्शन, कैम्प-3 निवासी एक युवक को नाशिक निवासी उसके मित्र व एक अन्य आरोपी ने मालाड स्थित एक कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा दिया और उसके पास से 3 लाख 50 हजार रुपए ठग लिए. मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी हिरू जवाहरलाल पुरस्वानी (31) 22 सेक्शन, उल्हासनगर-3 में रहते हैं. जून 2021 में उसके दोस्त और आरोपी विपिन रमाकांत निकम व उसके मित्र राज उदय भालेराव ने हिरू पुरस्वानी को मुंबई मालाड स्थित एयर बॉर्न कंपनी में नौकली दिलाने का झांसा दिया. इसक बदले में दोनों आरोपियों ने उससे 50 हजार रुपए नकद व चेक के जरिए 3 लाख रुपए हड़प लिए. इसके बाद भी आज तक उसे नौकरी नहीं मिली है. ठगे जाने का पता चलने पर हिरू पुरस्वानी ने दोनों के खिलाफ सेंट्रल पुलिस में मामला दर्ज किया है. पुलिस ने भादंसं की धारा 420, 406, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक रविंद्र पाखरे मामले की जांच कर रहे हैं.

## आखिरकार 42 करोड़ का 'टेंडर वॉर' तीन हिस्सों में बंटा

# बंदरबांट के खेल में जनता फेल

- मोटी कमीशन सहित पूर्व नगरसेवकों को भी किया गया खुश
- प्रत्येक ठेकेदार को 14 करोड़ का टेंडर
- 15 से 25 प्रतिशत कमीशन में हुआ सौदा
- भाजपा अपना फायदा कर पड़ रही सबपे भारी



टेंडर वॉर में जमकर हुआ बंदरबांट

कालानी का राजनीति से संन्यास !

दो भाई करते थे स्टेशनों पर चोरी







टेंडर वॉर पर भाजपा-शिवसेना में समझौता !

■ शिवसेना-भाजपा के नेताओं ने साधी चुप्पी

■ पत्रकारों के सवालों पर जय श्री राम कहकर बात टाली

टेंडर वॉर भाजपा-शिवसेना की नौटंकी- कांग्रेस

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर विकास के लिए महानगरपालिका के बजट से जो काम होता है उस बजट के अलावा मनपा को सांसद, विधायक, केंद्र व राज्य सरकार से करोड़ों अरबों रुपयों का जो फंड आता है उस फंड का जमकर दुरुपयोग मनपा मुख्यालय में होता है। जैसे कि हमने अपने पिछले अंक में बताया था कि 42 करोड़ के सांसद फंड को लेकर भाजपा-शिवसेना में जो टेंडर वॉर हुआ था उसमें समझौता हो गया है. सूत्रों के अनुसार यह वॉर तीन ठेकेदारों को 14 करोड़ के हिस्से व कमीशन तय के बाद समाप्त हो गया है. इस टेंडर वॉर के खेल में शहर विकास की उम्मीद लगाए बैठी जनता ही फेल हो गई है क्योंकि अगर इन अरबों रुपयों का ईमानदारी से इस्तेमाल किया जाए तो उल्हासनगर शहर राज्य का नंबर 1 शहर कहलाएगा।

ज्ञात हो कि पिछले माह भाजपा द्वारा पत्रकार परिषद कर शिवसेना की सहयोगी बताकर झा पी कंपनी को मिल रहे टेंडर पर अपनी आपत्ति जताते हुए उसे ब्लैकलिस्ट करने की मांग की थी अन्यथा 15 दिनों में आंदोलन की चेतावनी दी थी। भाजपा के पूर्व नगरसेवकों ने इस तरह का पत्र मनपा आयुक्त को भी सौंपा था। इस बात को करीब एक माह होने को आया है लेकिन भाजपा ने आंदोलन तो नहीं किया बल्कि इस टेंडर वॉर में आरोप-प्रत्यारोप की लड़ाई के दौरान अब समझौता कर लिया है।

### ■ भाजपा-शिवसेना के ड्रामे का हुआ अंत

सूत्रों से खबर मिली है कि 42 करोड़ के इस ठेके को 14 करोड़ प्रत्येक ऐसे तीन हिस्सों में बांटा गया है जिसमें शिवसेना सहयोगी झा पी. कंपनी, भाजपा सहयोगी और जय भारत कंपनी का समावेश है। इन तीनों के बीच पिछले दिनों यह तय हुआ कि 15, 23 और 20 प्रतिशत कमीशन देकर यह काम पूरा किया जाएगा। भाजपा ने आंदोलन कर इसमें सफलता प्राप्त की और सबपर भारी पड़ी है। इस समझौते के साथ टेंडर वॉर का ड्रामा अब समाप्त हो चुका है। इस शहर विकास के फंड को ठेकेदारों ने वॉर बनाकर जनता के पैसों के साथ खिलवाड़ किया है। जनता के इस पैसों का हिसाब कौन देगा। इस मोटी कमीशन से शहर विकास के लिए कुछ बच ही नहीं पाएगा। इस कमीशन में 3 से 5 प्रतिशत पूर्व नगरसेवकों को भी दिया जाएगा ऐसी जानकारी हमें सूत्रों ने दी है।

### ■ भाजपा विधायक ने साध रखी है चुप्पी

ज्ञात हो कि हमने इससे पूर्व यह बात बताई थी कि विधायक फंड में भी 18 प्रतिशत लिया जा रहा है इसके जवाब में विधायक चुप्पी साधे हुए हैं। 400 करोड़ के भुयारी गटर से जो शहर की सत्यानाश हुई है उसका जिम्मेदार कौन है। इस ठेके में कितना कमीशन चलाया गया है यह भी जांच का विषय है। राज्य शासन द्वारा 1238 करोड़ का जो फंड शहर विकास के लिए आना है अब उस पर सबकी नजर टिकी हुई है। भाजपा ने जाल तो बिछाया था लेकिन समझौते के बाद उस जाल को खोल दिया गया और बड़ी मछली हमेशा की तरह बच गई और शहर लूटके ले गई। शहर में पिछले 5 वर्षों से कितना फंड मिला है और उसका कितना काम हुआ है इस पर विशेष जांच टीम गठित कर ठेकेदारों और नेताओं को पर्दाफाश होना चाहिए ताकि सच सबके सामने आए और शहर का विकास इन फंड से पूरी तरह हो सके। आश्चर्य तो तब होता है जब करोड़ों के बिल पहले पास हो जाते है और काम तो होता ही है। पीडब्ल्यूडी और लेखा विभाग के भ्रष्ट कारोबार से केवल कागजों पर ही काम नजर आता है।

## CM एकनाथ शिंदे और शरद पवार आज उल्हासनगर में






**उल्हासनगर.** रीजेंसी अंटालिया में मनपा के अस्पताल का उद्घाटन सोमवार शाम 5 बजे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे करेंगे। वहीं 'एनसीपी शरदचंद्र पवार' के नेता शरद पवार की एल्गार परिषद की बैठक सोमवार को कैंप नंबर-5 स्थित दशहरा मैदान में आयोजित की गई है। दोनों की ओर से शक्ति प्रदर्शन की संभावना है.

उल्हासनगर मनपा ने कोरोना काल के दौरान कैंप नंबर-1 स्थित रीजेंसी-एंटीलिया में 200 बिस्तरों वाला अस्पताल बनाया था और 11 करोड़ से अधिक की सामग्री और मशीनें खरीदी थीं। पिछले दो साल से खुलने का इंतजार कर रहे मनपा अस्पताल को अचानक एक निजी ठेकेदार को दे दिया गया और मनपा आयुक्त ने बताया कि शहरवासियों के लिए कैशलेस काउंटर अस्पताल होगा। उपायुक्त अशोक नाइकवाड़े ने बताया कि मनपा अस्पताल का उद्घाटन सोमवार शाम 5 बजे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे करेंगे. इस मौके पर निर्माण मंत्री रवींद्र चव्हाण, सांसद श्रीकांत शिंदे समेत विधायक कुमार आयलानी, बालाजी किनिकर मौजूद रहेंगे.

वहीं शरद पवार की एल्गार परिषद की बैठक सोमवार शाम 4 बजे कैंप नंबर 5 स्थित दशहरा मैदान में पार्टी नेता महेश तपासे ने आयोजित की है. सोमवार दोपहर 4:30 बजे हेलीकॉप्टर से बिड़ला स्कूल कल्याण पश्चिम पहुंचेंगे और स्प्रिंग टाइम क्लब खड़कपाड़ा कल्याण पश्चिम में पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों से मुलाकात और स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वह उल्हासनगर आएंगे और नेता जी चौक पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा. इसके बाद बैठक स्थल पर जाएंगे.

## उल्हासनगर में 6 महीने में तीसरी बार अभय योजना!

- 26 फरवरी से 3 मार्च तक एक सप्ताह चलेगी योजना
- बकायेदारों से योजना का लाभ उठाने की अपील







**उल्हासनगर.** चालू वर्ष के 125 करोड़ रुपये के संपत्ति कर लक्ष्य वसूली के लक्ष्य को सामने रखते हुए, उल्हासनगर मनपा आयुक्त अजीज शेख ने केवल 6 महीने में तीसरी बार एक सप्ताह का अभय योजना लागू की है।

मनपा आयुक्त अजीज शेख ने प्रापर्टी टैक्स बकायेदारों को चेतावनी भी दी है कि यह आखिरी मौका है और समय सीमा समाप्त होने के बाद संपत्ति की जब्ती और नीलामी जैसी कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी.

महानगर पालिका के संपत्ति कर और शहरी नियोजन विभाग आय के मुख्य स्रोत हैं। दो साल पहले, संपत्ति कर विभाग की उपायुक्त प्रियंका राजपूत ने अपनी टीम के साथ 110 करोड़ रुपये की वसूली की थी। शहरी योजनाकार प्रकाश मुले ने भी 56 करोड़ रुपये की वसूली की थी। लेकिन पिछले साल, संपत्ति कर बिल में पूंजीगत मूल्य को शामिल करने के परिणामस्वरूप केवल 64 करोड़ रुपये एकत्र हुए, क्योंकि नागरिकों ने इससे मुंह मोड़ लिया, जबकि शहरी नियोजन विभाग का संग्रह बिल्डिंग परमिट के बैकलॉग के कारण बैकफुट पर था।

तदनुसार, मनपा की वित्तीय स्थिति में सुधार करने के लिए, आयुक्त अजीज शेख ने सितंबर 2023 और नवंबर 2023 में दो अवसरों पर संपत्ति कर की जुर्माना राशि माफ करने की एक दिवसीय अभय योजना लागू की थी। इन दोनों योजनाओं को मिलाकर 75 करोड़ रु. चालू वर्ष में रुपये की वसूली की गई है।

125 करोड़ का लक्ष्य होने के कारण अब 26 फरवरी से 3 मार्च तक सप्ताहान्त अभय योजना लागू की गई है. आयुक्त अजीज शेख ने इस मौके का फायदा उठाने की अपील की है. वहीं चेतावनी दी है कि 3 मार्च के बाद संपत्ति कर बकायेदारों के खिलाफ उपायुक्त प्रियंका राजपूत और उनकी टीम कानूनी कार्रवाई करेंगी.

## होंडा शाइन बाइक चोरी

**अंबरनाथ.** नवीन बालाजी नगर, अंबरनथ पश्चिम में घर के पास गली में खड़ी की होंडा शाइन बाइक चोर चुरा कर ले गए. अंबरनाथ पश्चिम पुलिस में मामला दर्ज किया गया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अविनाश चंद्रकांत बोराडे (33) नवीन बालाजी नगर, शामा होस्टल के पास, अंबरनाथ पश्चिम में रहते हैं. उन्होंने अपनी होंडा शाइन बाइक (एमएच 05 बीएक्स 4785) अपने घर के पास ही गली में हैंडल लॉक करके खड़ी की थी. 7 फरवरी की शाम 5 बजे से 8 फरवरी की सुबह 11 बजे के दरम्यान कोई बाइक चोरी कर ले गया. बाइक की कीमत 20 हजार रुपए है. अंबरनाथ पश्चिम पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक डी. वी. माली जांच कर रहे हैं.

### अंबरनाथ में शिवसेना एवं राकांपा शरद पवार की ओर से आयोजित

## हल्दी-कुंकुम कार्यक्रम संपन्न





▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में पूर्व नगरसेवकों एवं शिवसेना, राकांपा शरद पवार पक्ष की ओर से महिलाओं के लिए हल्दी कुंकुम कार्यक्रम का शनिवार को आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया. शिवसेना की तरफ से अध्यक्ष सदाशिव पाटिल की ओर से कार्यक्रम संपन्न हुआ. गुंजाल ने शहर पूर्व में रॉयल पार्क में एवं सदाशिव पाटिल ने हरिओम पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया. दोनों कार्यक्रम में साड़ी एवं घरेलू बर्तन महिलाओं को भेंट स्वरूप दिए गए. यहां पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम रखे गए थे. लोकसभा चुनाव के लिए मार्च में आचार संहिता लागू की जा सकती है. उससे पूर्व शहर के पूर्व-पश्चिम में ऐसे कार्यक्रम किए जा रहे हैं. महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित हो रही है. गुंजाल के कार्यक्रम में महिलाओं के लिए होम मिनिस्टर कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ, जिसमें विजय पानेवाली महिला को सोने का नथ इनाम में रखा गया था. शिवसेना के कार्यक्रम में वैशाली गुंजाल ने प्रस्तावना की एवं राकांपा कार्यक्रम में राकांपा महिला अध्यक्षा पूनम शेलार ने मार्गदर्शन किया. यहां पर धनंजय सुर्वे ने सूत्र संचालन किया.

## बलेनो कार चालक ने 2 लोगों को मारी टक्कर

**उल्हासनगर.** डी. बी. मोरे चौक, उल्हासनगर-2 में बलेनो कार चालक ने यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए 2 लोगों को टक्कर मारकर घायल कर दिया. पुलिस नाईक गणेश आव्हाड की शिकायत पर उल्हासनगर पुलिस में मामला दर्ज किया गया है.

मिली जानकारी के अनुसार आरोपी शामजी राममूरत मिश्रा (50) ने यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए बलेनो कार से 2 लोगों को टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में राममोहन राठोड व करण ढकोलिया गंभीर रूप से घायल हो गए. राममोहन के घुटनों के नीचे, जांघ की हड्डी फ्रैक्चर हो गई, वहीं ढकोलिया के हाथ व पैर पर चोट आई. उक्त दुर्घटना 18 जनवरी को डीबी मोरे चौक, कैम्प-2 में हुई. उल्हासनगर पुलिस ने भादंसं की धारा 279, 338 के तहत अपराध दर्ज किया है.

## जिले की 11 ग्राम पंचायतों में आरक्षण लॉटरी का काम शुरू





**ठाणे.** जिले की 431 ग्राम पंचायतें ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों के गांवों का प्रबंधन कर रही हैं. इनमें 11 ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच और सदस्यों का कार्यकाल इस साल खत्म हो जाएगा. वहां जल्द चुनाव होने की उम्मीद है. उसके अनुसार, जहां वार्ड संरचना पहले ही हो चुकी है, वहीं अब जिले के संबंधित तालुकों में आरक्षण लॉटरी निकालने का काम शुरू कर दिया गया है।

जिले की इन ग्राम पंचायतों का कार्यकाल जनवरी से दिसंबर के बीच समाप्त हो रहा है। इस चुनाव कार्यक्रम के उनके उपक्रम के अनुसार, वहां वार्ड संरचना पहले ही तय की जा चुकी है और अब आरक्षण लॉटरी कार्यक्रम संबंधित उपखंड अधिकारियों और तहसीलदारों के नियंत्रण में शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम कल्याण, भिवंडी, शाहपुर और मुरबाड तालुका में इन 11 ग्राम पंचायतों के चुनाव के लिए प्रारंभिक तैयारी है।

समाप्त होने वाली ग्राम पंचायतों में कल्याण की चावरे-म्हसरुंडी, दहागांव, रोहन-अंताडे, पोई ग्राम पंचायतें शामिल हैं। जबकि भिवंडी में महापोली अनगांव ग्राम पंचायत है। शाहपुर के साकुली, सावरोली बुद्रक ग्रा.पं. हैं इसी तरह, मुरबाड तालुका में ज़डघर, न्याहाडी, दहिगांव ग्राम पंचायतों के लिए आरक्षण ड्रा कार्यक्रम जारी किया गया है।

### ■ वार्डवार आरक्षण ड्रा कार्यक्रम की योजना

जारी आदेश के अनुसार 7 फरवरी तक विशेष ग्राम सभा की सूचना दी गयी थी. इसके बाद 9 फरवरी तक आरक्षण ड्रा की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है. ठाणे कलेक्टर 12 जनवरी तक इस आरक्षण ड्रा की मसौदा अधिसूचना को मंजूरी दे देंगे। इसके बाद 13 फरवरी को वार्डवार आरक्षण का ड्राफ्ट जारी किया जाएगा. 16 फरवरी तक आपत्तियां व सुझाव लिए जा रहे हैं। 21 फरवरी तक उपखंड अधिकारी द्वारा फीडबैक देने तथा 23 फरवरी तक कलेक्टर द्वारा अनुमोदन करने की योजना बनाई गई है।

## भगतसिंह नगर में विकास कार्य की शुरूआत

- 6 सीटर शौचालय का निर्माण कार्य शुरू
- शिंदे के जन्मदिन पर अन्नदान



▶▶ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के भगतसिंह नगर में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे एवं सांसद श्रीकांत शिंदे के जन्मदिन की खुशी में एक हजार से ज्यादा निवासियों में शिवसेना के पूर्व नगरसेवक एवं पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुल शेख ने अन्नदान किया. गांधी नगर के चार जगहों पर अन्न दान वितरित किया गया. यहां पर एक पुराने 6 सीटर शौचालय को ध्वस्त करके नया निर्माण करने के लिए नारियल तोड़कर कार्य की शुरूआत की गई है.

इस संबंध में अब्दुल शेख ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया की तीन सीट शौचालय महिलाओं के लिए और तीन सीटर शौचालय पुरुषों के लिए होगा. यहां पर कचरा कुंडी भी बनाई जाएगी ताकि परिसर के निवासी यहां वहां कचरा ना फेंकते हुए कचरा कुंडी में ही कचरा फेंक सकें. इस परिसर में लोगों को पानी की भी परेशानी थी. परिसर में नया पानी की पाइपलाइन बिछाकर पानी की समस्या को दूर किया गया है. अन्नदान और शौचालय के निर्माण अवसर पर यहां के निवासी सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हो गए थे. दलित बस्ती सुधार अंतर्गत यहां पर विकास कार्य किए जा रहे हैं और निवासियों को इसका लाभ भी मिल रहा है. यहां के निवासियों ने पत्रकारों को बताया कि भगत सिंह नगर में लोगों को पानी की अब परेशानी नहीं है. पुराना शौचालय टूट जाने से एवं निवासियों द्वारा ही शौचालय के आसपास कचरा फेंकने से निवासी परेशान हैं. अब्दुल शेख ने ये भी बताया कि उन्होंने दलित बस्ती सुधार के अंतर्गत इस परिसर में और भी विकास के लिए नपा प्रशासन से निधि की मांग की है. इस फंड से परिसर में पायवाट और गटर का निर्माण कार्य भी हुआ है. भगतसिंह नगर में अन्नदान वितरण के समय फिरोज खान, कन्नादास, शंकर, राजेश राठोड़, छोटू आदि उपस्थित थे.

## उल्हासनगर बीजेपी की बैठक में शिवसेना के खिलाफ उठे सुर

■ विधायक गणपत गायकवाड के प्रति कार्यकर्ताओं की संवेदनाएं



**उल्हासनगर.** शहर के टाउन हॉल में आयोजित बीजेपी बूथ पदाधिकारियों की बैठक में कार्यकर्ताओं के सुर शिवसेना के खिलाफ थे. दो दिन पहले उल्हासनगर के टाउन हॉल में बीजेपी बूथ पदाधिकारियों की बैठक हुई थी. बैठक में लोकसभा चुनाव के बूथ और गांव चलो अभियान और सभी के कार्यों की जानकारी दी गयी. बूथवार पदाधिकारियों की बैठक में स्थानीय नेताओं ने मार्गदर्शन किया. भाजपा के शहर जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी और विधायक कुमार आयलानी ने बताया कि महागठबंधन में शामिल किसी भी दल को उम्मीदवारी मिली तो उसका प्रचार करना है. बैठक की शुरुआत में वरिष्ठों ने महागठबंधन के किसी भी नेता के खिलाफ बोलने से मना किया. मनाही के बावजूद कुछ कार्यकर्ताओं ने शिव सेना शिंदे गुट की सक्रियता पर नाराजगी जताई. पदाधिकारियों और बूथ पदाधिकारियों ने शिवसेना को लेकर जताई नाराजगी. लेकिन वहां पदाधिकारियों और बूथ कार्यकर्ताओं की नाराजगी को वरिष्ठ नेताओं ने दूर कर दिया. बीजेपी शहर जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी और विधायक कुमार आयलानी समेत अन्य पदाधिकारियों ने पिछले महीने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मनपा में चल रहे टेंडर घोटाले का आरोप लगाया था. उन्होंने शिव सेना शिंदे समूह के कल्याण उपजिला प्रमुख अरुण आशान पर भी आरोप लगाया। इसके बाद अरुण आशान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी पदाधिकारियों को सकते में डाल दिया. इन आरोपों से शिवसेना-बीजेपी विवाद चरम पर पहुंच गया.

इसी बीच 2 फरवरी को बीजेपी विधायक गणपत गायकवाड़ ने भार पुलिस स्टेशन में शिवसेना शिंदे गुट के कल्याण पूर्व शहर प्रमुख महेश गायकवाड़ और राहुल पाटिल पर गोली चला दी. इससे शिवसेना और बीजेपी के बीच विवाद खुलकर सामने आ गया. फायरिंग की घटना को लेकर पुलिस द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाए जाने से उनमें आक्रोश पैदा हो गया। नाराजगी का यह बांध टाउन हॉल में बूथ बैठक में टूट गया. हालांकि बूथ पदाधिकारियों ने शिवसेना से नाराजगी जताई है, लेकिन पार्टी के आदेश के मुताबिक उन सभी को महागठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर काम करना होगा. यह बात शहर जिलाध्यक्ष रामचंदानी ने कही है.

### शिवसेना और बीजेपी के बीच घमासान

कल्याण लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र में शिवसेना और बीजेपी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं पर फायरिंग और नगर निगम टेंडर घोटाले का आरोप लगा था. साथ ही अंदरखाने असमंजस की स्थिति है और संभावना है कि लोकसभा चुनाव से पहले इनके बीच का विवाद सामने आ जाए.

## रिक्शा चालक ने सफाई कर्मी को टक्कर मारकर किया घायल

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर पुलिस थाना अंतर्गत शनिवार को सफाईकर्मी मच्छिंद्र रामू कुराडे (33) को अज्ञात रिक्शा चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया. सफाई कर्मी सड़क की सफाई कर प्लास्टिक के बकेट में कचरा भरकर बगल में रख रहा था. इसी दौरान तेज गति से आए रिक्शा चालक ने उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया. सफाईकर्मी का पैर फ्रैक्चर हो गया है. उल्हासनगर पुलिस ने भादंसं की धारा 338, 279, 134, 184 के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक राहुल पाटिल मामले की जांच कर रहे हैं.

# दिल्ली कूच पर अड़े किसान

- पंजाब-हरियाणा बॉर्डर सील
- सिंधु-टिकरी पर बैरिकेडिंग, कीलें ठोकीं
- 7 जिलों में इंटरनेट बंद
- 12 जिलों में धारा 144 लागू



**नई दिल्ली.** संयुक्त किसान मोर्चा (SKM) के 13 फरवरी को दिल्ली कूच से पहले हरियाणा और पंजाब के शंभू, खनौरी समेत सभी बॉर्डर सील कर दिए गए हैं। वहीं सिंघु और टिकरी बॉर्डर पर भी सीमेंट के बैरिकेड लगा दिए गए हैं। पंजाब से आने वाले किसानों को रोकने के लिए अंबाला के शंभू बॉर्डर और फतेहाबाद में बैरिके और लोहे की कीलें लगा दी गई हैं।

हरियाणा के 7 जिलों में आज (रविवार) सुबह 6 बजे से मोबाइल इंटरनेट, डोंगल और बल्क SMS बंद कर दिए गए हैं। यह रोक अंबाला, हिसार, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, फतेहाबाद और पुलिस जिला डबवाली समेत सिरसा जिले रहेगी। यह आदेश 13 फरवरी की रात 12 बजे तक लागू रहेंगे।

हरियाणा के सोनीपत, झज्जर, पंचकूला, अंबाला, कैथल, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद और जींद समेत 12 जिलों में धारा 144 लागू की गई है। इसके साथ पंजाब और दिल्ली के रूट भी डायवर्ट कर दिए गए हैं। केंद्र सरकार ने पैरामिलिट्री की 64 कंपनियों को हरियाणा भेज दिया है। जिनमें BSF और CRPF के जवान भी शामिल हैं।

### पंधेर बोले- हरियाणा में जो हो रहा, ठीक नहीं

किसान-मजदूर मोर्चा के कोऑर्डिनेटर सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि अमृतसर में पंजाब सरकार के सीनियर अफसरों से मीटिंग हुई। जिसमें कहा गया कि 12 फरवरी को चंडीगढ़ में केंद्र के 3 मंत्रियों के साथ मीटिंग होगी।

हरियाणा में इंटरनेट बंद करना उचित नहीं है। उन्होंने देश भर के किसान-मजदूरों को अपील की कि 13 फरवरी को दिल्ली कूच करें और आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। हम अपनी मांगें मनवाकर रहेंगे। हम बातचीत से नहीं भागेंगे।

# बिहार में फ्लोर टेस्ट आज

- पार्टियों की बढ़ी टेंशन



**पटना.** बिहार में नीतीश सरकार का सोमवार (12 फरवरी) को फ्लोर टेस्ट है। इससे पहले यहां सियासी हलचल तेज हो गई है। बीजेपी, आरजेडी, जेडीयू, कांग्रेस, लेफ्ट और हम पार्टी ने अपने-अपने विधायकों की तगड़ी बाड़ेबंदी की है। दो दिन से गया के होटल में रुके बीजेपी विधायक तीन बसों में पटना रवाना हो गए हैं। विधायक डिप्टी सीएम विजय सिन्हा के आवास पर रहेंगे। विधायकों के साथ बिहार प्रभारी विनोद तावड़े भी मौजूद हैं।

कल होने वाले फ्लोर टेस्ट से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गया में चल रही बीजेपी विधायकों की वर्कशॉप को वर्चुअली संबोधित किया। इस शिविर में बीजेपी के 3 विधायक नहीं पहुंचे।

आरजेडी के विधायकों को शनिवार को तेजस्वी यादव के बंगले पर बैठक के लिए बुलाया गया। फिर किसी को बाहर नहीं जाने दिया गया। बैठक में दो विधायक नहीं पहुंचे हैं।

वहीं, शनिवार को जेडीयू के 6 विधायक मंत्री श्रवण कुमार के आवास पर भोज में नहीं पहुंचे थे। हालांकि, पार्टी की तरफ से दावा किया गया है कि सभी ने इसकी जानकारी दी थी। आज मंत्री विजय चौधरी के आवास पर बैठक होगी। रात में विधायक यहीं रुकेंगे।

इधर, फ्लोर टेस्ट से पहले राजभवन में लीगल एडवाइजर की पूरी टीम को बदल दिया गया है।

## खबरें गांव की...

### चाची से अवैध संबंधों के चलते भतीजे ने किया चाचा का कत्ल

**मुरादाबाद.** चाची से अवैध संबंधों की चर्चा घर के अंदर रहे, इसके लिए भतीजे ने दोस्तों की मदद से चाचा की हथौड़ा मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी भतीजे और उसके दोस्त को गिरफ्तार करके घटना का खुलासा गया। घटना ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के कालाझंडा क्षेत्र की है। यहां के रहने वाले हलवाई राजीव कश्यप की हत्याकांड का खुलासा करते हुए एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार और एएसपी ऋषभ रूढवाल ने बताया राजीव कुमार शादी व अन्य समारोहों में खाना बनाने का काम करता था। मामले में राजीव कुमार के भाई पदम सिंह ने अपने सगे बहनोई राजेश निवासी शिवनगर पत्थरखेड़ा पर हत्या का शक जताते हुए केस दर्ज कराया था। एसपी क्राइम के अनुसार हत्याकांड के बाद पुलिस ने मोबाइल सीडीआर आदि खंगाले तो शक की सुई राजीव कुमार के भतीजे सुशील कुमार पर गई। जिसके बाद सुशील कुमार और उसके दोस्त गोरव शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। कड़ाई से पूछने पर उन्होंने हत्या की बात स्वीकार कर ली।

### बस्ती में जमीन के झगड़े में पीट-पीटकर बुजुर्ग की हत्या, बेटे के पैर का पंजा काटा;

**बस्ती.** बस्ती के कलवारी थाना क्षेत्र के गौसैसीपुर डड़वा पुरवा में भूमि विवाद में दर्जन भर लोगों ने एक परिवार पर हमला कर दिया। हमलावरों ने 70 वर्षीय एक बुजुर्ग राममिलन चौधरी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। उसके 20 वर्षीय बेटे के पैर के पंजे को काट दिया। बुजुर्ग की 67 वर्षीया बहन को भी अधमरा कर दिया। पूरे गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस ने गांव के ही हरिशंकर उर्फ रावण समेत पांच लोगों पर केस दर्ज कर तीन को हिरासत में लिया है। शनिवार दिन में करीब 1:30 बजे राममिलन चौधरी (70 वर्ष) के घर गांव के हरिशंकर उर्फ रावण के साथ दर्जन भर लोग धारदार हथियारों से लैस होकर चढ़ गए। अचानक हुए हमले में राममिलन चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावरों ने पिता को बचाने पहुंचे 20 वर्षीय विशाल चौधरी के बाएं पैर का पंजा धारदार हथियार से काट दिया। राममिलन की 67 वर्षीया बहन माला देवी पर भी मनबढ़ों ने हमला कर दिया। गांव वाले जुटने लगे तो हमलावर फरार हो गए।

### आगरा में व्यापारी ने मां-बेटे की हत्या कर की खुदकुशी, डेढ़ करोड़ के कर्ज से था परेशान

**आगरा.** आगरा न्यू लायर्स कालोनी (न्यू आगरा) में शनिवार की रात पाइप व्यापारी तरुण चौहान ने अपनी मां और बेटे की हत्या करके खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी रविवार की सुबह आठ बजे नौकरानी के आने पर हुई। सूचना पर पुलिस पहुंची। छानबीन में तरुण के मोबाइल में सुसाइड से कई घंटे पहले बनाया एक वीडियो मिला। जिसमें वह बोल रहा है कि डेढ़ करोड़ के कर्ज से परेशान होकर ऐसा कर रहा है। वह अपनी पत्नी को भी मारना चाहता था। पत्नी शनिवार की शाम ननद के साथ खाटू श्याम दर्शन करने चली गई थी। इस कारण बच गई। सुबह करीब आठ बजे गीता नाम की नौकरी तरुण चौहान के घर पहुंच। वह पिछले करीब चार साल से काम कर रही है। तरुण के पिता मान सिंह चौहान वरिष्ठ अधिवक्ता थे। अप्रैल 2023 में उसकी मौत हो गई थी। गीता ने बताया कि तरुण की मां बृजेश देवी गठिया से पीड़ित थीं। वह उन्हें सारे काम कराती थी। सुबह वह आई तो मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। सीधे अम्मा के कमरे में पहुंची। आवाज लगाई। वह नहीं बोलीं। बिस्तर पर थीं। पास जाकर उसने उन्हें हिलाया। कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। वह घबरा गई। चीखते हुए बाहर आई। पड़ोसियों को बताया कि अम्माजी नहीं रहीं।

# हल्द्वानी हिंसा का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक अरेस्ट

- बनभूलपुरा इलाका अभी भी सील
- इंटरनेट सेवाएं बहाल
- चौथे दिन दूध-दवाओं की सप्लाई

**हल्द्वानी.** हल्द्वानी हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों से यह खबर आ रही है। जबकि इससे पहले पुलिस ने 5 लोगों को अरेस्ट कर चुकी है। इनमें 2 पूर्व पार्षद और सपा नेता भी शामिल हैं। रविवार को चौथे दिन हिंसा प्रभावित क्षेत्र को छोड़ बाकी शहर में इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी गई हैं। हालांकि बनभूलपुरा इलाका अभी भी सील है। वहीं

वहीं कर्फ्यू के चौथे दिन प्रशासन ने इस इलाके में दूध,सब्जियां और दवाओं की सप्लाई शुरू कराई है। पुलिस उपद्रवियों की अरेस्टिंग और अवैध असलहों की रिकवरी के लिए बनभूलपुरा इलाके में डोर टु डोर सर्च ऑपरेशन चला रही है। स्थानीय प्रशासन ने इस ऑपरेशन के लिए अर्द्धसैनिक बलों की 4 अतिरिक्त टुकड़ियों की मांग की है।

प्रशासन चरणबद्ध तरीके से इस इलाके में भी कर्फ्यू में ढील देने की योजना बना रहा है। सील किए गए हिंसा प्रभावित क्षेत्र को छोड़ दें तो बाकी शहर में जनजीवन पटरी पर लौटने लगा है। शनिवार शाम से हल्द्वानी में आंशिक रूप से बाजार को खोल दिया गया है।

इस बीच पुलिस ने घटना के बनभूलपुरा हिंसा के मास्टरमाइंड बताए जा रहे रेलवे कांट्रेक्टर अब्दुल मलिक और उसके बेटे की तलाश में यूपी और दिल्ली में छापामारी की है। नजूल की जमीन पर अवैध रूप से मदरसा और मस्जिद के निर्माण में इसी का नाम सामने आ रहा है।

### मुस्लिम समुदाय आ रहा हमारे साथ -उद्धव ठाकरे



**मुंबई.** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को दावा किया कि मुस्लिम समुदाय का समर्थन उनके दल को मिल रहा है। इसके अलावा, उद्धव ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला और कहा कि उनका हिंदुत्व घर जलाता है, जबकि हमारा हिंदुत्व लोगों के घर में चूल्हा जलता है। मुंबई में उद्धव ठाकरे ने कहा, "मुस्लिम समुदाय हमारे साथ आ रहा है। मैं उनसे पूछता हूं कि क्या आप नहीं जानते कि मैं शिवसेना का पार्टी प्रमुख हूं और हिंदू हृदय सम्राट का बेटा हूं? मैं खुद एक कट्टर हिंदू हूं तो आप मेरे साथ क्यों आ रहे हैं? वे कहते हैं कि हमें पता चल गया है कि आपके हिंदुत्व और बीजेपी के हिंदुत्व में अंतर है। आपके हिंदुत्व से हमारे घर का चूल्हा जलता है और बीजेपी का हिंदुत्व घर जलता है। दिल में राम और हाथ में काम, यही हमारा हिंदुत्व है और हम देशभक्त हिंदू हैं।

# भक्ति और शक्ति एकसाथ मिल गए -योगी आदित्यनाथ




**पुणे.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र के पुणे में रविवार को गीता भक्ति अमृत महोत्सव में शामिल हुए। इस महोत्सव का हिस्सा बनकर उन्होंने कहा कि भक्ति और शक्ति के संगम से 500 साल की गुलामी की गाथा को तोड़कर आयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। योगी आदित्यनाथ ने इसी के साथ मुगल सम्राट औरंगजेब को चुनौती देने के लिए मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की भी सराहना की। बता दें कि इस साल 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भव्य तरीके से आयोजित किया गया था। आदित्यनाथ ने कहा, 'आज शक्ति और भक्ति दोनों एकसाथ मिल गए।' उन्होंने आगे कहा, 'भक्ति और शक्ति के संगम से 500 वर्षों की गुलामी की गाथा को तोड़कर अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। हमें इस भव्य कार्यक्रम को देखने का मौका मिला।'

### हम छत्रपति शिवाजी से जुड़े हैं, मुगलों से नहीं

- सीएम आदित्यनाथ ने कहा कि महाराष्ट्र के लोग भाग्यशाली हैं क्योंकि उन्हें सदियों से संतों का आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने बताया कि समर्थ रामदास ने इसी धरती से छत्रपति शिवाजी महाराज को पैदा किया था, जिन्होंने मुगल बादशाह औरंगजेब को चुनौती दी थी और उन्हें मरने के लिए छोड़ दिया था। जिसकी आज तक किसी ने चिंता नहीं की।
- आदित्यनाथ ने आगे कहा कि हम महाराज छत्रपति शिवाजी के रूप में भक्ति और शक्ति का मिश्रण देख सकते हैं। जब वे उत्तर प्रदेश के सीएम बने तो वह पहले आगरा गए। उन्होंने कहा, 'वहां एक मुगल संग्राहलय बन रहा था। मैंने कहा कि इस संग्रहालय का नाम छत्रपति शिवाजी होना चाहिए, क्योंकि हम उनसे जुड़े हैं मुगलों से नहीं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर की घोषणा की है और यह भी छत्रपति शिवाजी महाराज को ही समर्पित है।

# प्रमोद कृष्णम 6 साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित

**कहा- क्या कांग्रेस में रहने के लिए चमचागिरी जरूरी है, राम और राष्ट्र से समझौता नहीं**



**नई दिल्ली.** कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में पार्टी के नेता और कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम को 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार (10 फरवरी) को एक बयान जारी इसकी जानकारी दी।

वेणुगोपाल ने कहा कि अनुशासनहीनता और पार्टी के खिलाफ बार-बार बयान देने की शिकायतों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रमोद कृष्णम को तत्काल प्रभाव से निष्कासित करने के उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

पार्टी से निष्कासन के बाद प्रमोद कृष्णम ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा- मैं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे कांग्रेस से मुक्ति देने का फरमान जारी किया। क्या कांग्रेस में रहने का मतलब है कि हमें चमचागिरी करना और झूठ बोलना जरूरी है।

हाल ही में प्रमोद कृष्णम ने अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की जमकर तारीफ की थी। वे 22 जनवरी को अयोध्या भी गए थे। उन्होंने इस कार्यक्रम में भाग न लेने पर कांग्रेस की आलोचना की थी।

### प्रमोद कृष्णम ने निष्कासन के बाद और क्या कहा...

- आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पूछा कि केसी वेणुगोपाल या मल्लिकार्जुन खड़गे ये बताएं कि ऐसी कौन सी गतिविधिया हैं जो पार्टी के विरोध में थीं। क्या राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण स्वीकारना, वहां जाना, श्री कल्कि धाम का शिलान्यास कराना, नरेंद्र मोदी से मिलना, सनातन की बात करना पार्टी विरोधी है?
- उन्होंने आगे कहा- सवाल मेरे निष्कासन का नहीं। सवाल ये है कि जो महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, पंडित जवाहरलाल नेहरू, मौलाना आजाद और इंदिरा गांधी की कांग्रेस थी, आज उस कांग्रेस को किस रास्ते पर लाकर खड़ा किया गया है। क्या कांग्रेस में रहने का मतलब है कि हमें चमचागिरी करना और झूठ बोलना जरूरी है।

### 38 मेडिकल स्टूडेंट को 10 दिन एक्स्ट्रा ट्रेनिंग की सजा; डॉक्टर भी सस्पेंड हुआ था

कर्नाटक के 38 छात्र-छात्राओं को मेडिकल कॉलेज कैंपस में इंस्टाग्राम रील बनाने पर सजा दी गई है। स्टूडेंट्स ने 'रील इट, फील इट' टैगलाइन के साथ मरीजों के पलंग पर बैठकर रील बनाई थी।

एक दिन पहले भी कर्नाटक के ही एक और मेडिकल कॉलेज के ओटी में डॉक्टर का OT में फर्जी ऑपरेशन करने का वीडियो सामने आया था। इस मामले में डॉक्टर को बर्खास्त कर दिया गया था

गडग जिले के मालासमुद्र में गडग इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (GIMS) मौजूद हैं। यहां के मेडिकल स्टूडेंट्स के कुछ इंस्टाग्राम रील सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इनमें स्टूडेंट्स मरीज के पलंग पर बैठे नजर आए। इसके अलावा भी कैंपस के अंदर बनाए गए और भी रील वायरल हैं।

# रामलला की आंखें सोने-चांदी के हथौड़े-छेनी से तराशी गईं

- मूर्तिकार योगीराज ने तस्वीर शेयर की
- लिखा- इन्हीं की मदद से दिव्य आंखों को उकेरा



**अयोध्या.** अयोध्या के राम मंदिर में स्थापित की गई रामलला की मूर्ति बनाने वाले कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने उस हथौड़े और छेनी की तस्वीर सार्वजनिक की, जिससे उन्होंने रामलला की आंखें तराशी थीं। योगीराज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर इसकी जानकारी शेयर की। योगीराज ने लिखा- 'इस चांदी के हथौड़े और सोने की छेनी से मैंने रामलला की दिव्य आंखें बनाईं। सोचा इसे सबके साथ साझा करूं।'

अयोध्या में 22 जनवरी को अरुण की बनाई रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इससे 3 दिन पहले 20 जनवरी को रामलला की पहली तस्वीर सामने आई थी। हालांकि, तब कपड़े से उनकी आंखें ढंकी थीं।

प्राण प्रतिष्ठा के दौरान रामलला की आंखें पहली बार दिखी थीं। इसे बाद लोगों ने अरुण योगीराज की खूब तारीफ की। योगीराज ने काले रंग के एक ही पत्थर से पूरी प्रतिमा बनाई है। पत्थर को कहीं से जोड़ा नहीं गया है। अरुण योगीराज की पत्नी विजेता ने भास्कर को बताया था कि जब योगीराज को रामलला की प्रतिमा बनाने का काम मिला तो उन्होंने बच्चों की 2000 से ज्यादा फोटो देखीं। महीनों तक बच्चों को ऑब्जर्व करते रहे।

# टीम इंडिया में सेलेक्शन से हैरान हैं आकाश दीप



इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के आखिरी तीन मुकाबलों के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है. तेज गेंदबाज आकाश दीप को भी टीम में जगह मिली है. 27 साल के आकाश दीप पहली बार टेस्ट स्क्वॉड का हिस्सा बने हैं. हालांकि आकाश दीप हांगझोउ एशियन गेम्स और साउथ अफ्रीका टूर पर वनडे सीरीज में भारतीय टीम के सदस्य रह चुके हैं. आकाश नई और पुरानी दोनों गेंदों से ही स्विंग हासिल करने की क्षमता रखते हैं.


### 'इसकी उम्मीद नहीं थी कि...'

टेस्ट टीम में पहली बार सेलेक्शन होने पर आकाश दीप का बयान आया है. आकाश दीप टीम इंडिया में अपने सेलेक्शन से हैरान हैं. आकाश दीप ने कहा कि उन्हें इतनी जल्दी राष्ट्रीय टीम में शामिल होने की उम्मीद नहीं थी. आकाश दीप ने पीटीआई से कहा, 'मुझे उम्मीद थी कि अगर मैं अच्छा प्रदर्शन करना जारी रखता हूं तो मुझे निकट भविष्य में टेस्ट टीम में चुन लिया जाता. लेकिन मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी कि तीसरे मैच में ही मुझे राष्ट्रीय टीम में जगह मिल जाएगी.'

आकाश ने आगे कहा, 'मेरे पिताजी मुझे बिहार पुलिस कांस्टेबल या राज्य सरकार में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी की परीक्षा देने के लिए कहते थे. वह उन सरकारी नौकरी के आवेदन पत्र भरते थे और मैं परीक्षा देने जाता था और खाली फॉर्म जमा करके वापस आ जाता था.' आकाश ने इस बीच 6 महीने के अंदर अपने पिता और बड़े भाई को खो दिया, जिससे सारे परिवार की जिम्मेदारी उनके ऊपर आ गई. उन्होंने कहा, 'मेरे पापा और भैया का 6 महीने में देहांत हो गया. मेरे पास अब खोने के लिए कुछ नहीं था. यही प्रेरणा थी कि मुझे कुछ करना है क्योंकि परिवार की जिम्मेदारी लेनी है. 'एक दोस्त की मदद से आकाश को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक क्लब की तरफ से खेलने का मौका मिला लेकिन उनकी कमाई टेनिस बॉल क्रिकेट खेलने से होती थी.

# भाजपा 400 सीटें जीती, तो I.N.D.I.A जिम्मेदार

- गुलाम नबी बोले- मैं न तो BJP के नजदीक हूं और न ही कांग्रेस के



**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर के पूर्व CM और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (DPAP) के चेयरमेन गुलाम नबी आजाद ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 सीट का आंकड़ा पार करती है तो इसके जिम्मेदार I.N.D.I.A के वो नेता होंगे, जो गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं।

शनिवार (10 फरवरी) को जम्मू के बाहरी इलाके प्रगवाल में गुलाम नबी आजाद बैठक के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मैं कोई ज्योतिषी नहीं हूं जो बता सकूं कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 का आंकड़ा पार करेगी या नहीं। ऐसा होता है तो इसका जिम्मेदार I.N.D.I.A ब्लॉक ही होगा।

उन्होंने ये भी कहा कि मैं न तो कांग्रेस के करीब हूं और न ही भाजपा के। अगर भाजपा कुछ भी गलत कर रही है तो मैं उनकी आलोचना करने वाला पहला व्यक्ति हूं। इसी तरह कांग्रेस कुछ भी सही कर रही है तो मैं उनकी तारीफ करता हूं। 9 फरवरी को जम्मू के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि NDA इस बार के लोकसभा चुनाव में 400 से ज्यादा जीत सकती है।


### आम सूचना

हम श्री अशीश गोपीचंद होतचंदाणी व श्री सन्नी गोपीचंद होतचंदाणी सभी को सूचित कर रहे हैं कि शॉप नं. 26, ग्राऊंड फ्लोर, संत कंवरराम मार्केट, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय016708000) उक्त प्रॉपर्टी मैंने श्रीमती अनिता श्रीचंद लाडला के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 6.6.2011 सी.नं. 1742 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री अशीश गोपीचंद होतचंदाणी व
श्री सन्नी गोपीचंद होतचंदाणी

### आम सूचना

मैं श्रीमती सीता मोहनदास लास्सी सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप नं. 11, 3रा माला, चांदनी मार्केट, बाथरुम नं. 466, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय018200500) उक्त प्रॉपर्टी श्री संजय एच. दरियाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 30.11.2013 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती सीता मोहनदास लास्सी

### आम सूचना

मैं श्रीमती वनीता विजय पाटोले सभी को सूचित कर रही हूं कि पोर्शन न आफ राज प्रिंटिंग प्रेस, सामने बैरक नं. 337, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 21बीआय018461500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुमन लक्ष्मण फालके के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 3.7.2023 सी.नं. 41 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती वनीता विजय पाटोले

### आम सूचना

मैं श्री सन्नी गोपीचंद होतचंदाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 42, ग्राऊंड फ्लोर, जय गजानंद मार्केट, रुम नं. 8,9,10, बैरक नं. 475, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय016698900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती कविता दयालदास बहराणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 8.7.2017 सी.नं. 742 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री सन्नी गोपीचंद होतचंदाणी

### आम सूचना

हम श्रीमती वर्षा चंदर मंगवानी व श्री जैकी चंदर मंगवानी सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम/हट पोर्शन, यूएमसी के पास, महाराष्ट्र मेटल वर्कस के पीछे, महात्मा फुले नगर, उल्हासनगर-3. क्षेत्रफुल 600 स्व. फुट. (टैक्स नं. 29सीओ017408300) उक्त प्रॉपर्टी मैंने श्री भजनलाल गोबिंदराम मंगवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 11.2.2024 सी.नं. 512 द्वारा हमें खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती वर्षा चंदर मंगवानी व
श्री जैकी चंदर मंगवानी

### आम सूचना

मैं श्री लखमीचंद अर्जनदास तीरथाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 501, ग्रीश टावल, कैमब्रिज शोरूम के पीछे, गोल मैदान रोड, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 12बीआय015349300) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रजनी कनयालाल सावलाणी व श्रीमती संगीता राजू मूलचंदाणी के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 27.1.2024 सी.नं.19/497 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री लखमीचंद अर्जनदास तीरथाणी

### आम सूचना

मैं श्री सन्नी गोपीचंद होतचंदाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 41, ग्राऊंड फ्लोर, जय गजानंद मार्केट, रुम नं. 8,9,10, बैरक नं. 475, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय016698800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती कविता दयालदास बहराणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 8.7.2017 सी.नं. 742 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री सन्नी गोपीचंद होतचंदाणी

संक्षेप...

## ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग महिला ने दर्ज कराई शिकायत

**भिवंडी.** पिरानी पाड़ा भिवंडी निवासी एक विवाहिता ने गैबीनगर निवासी अपने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने पति, ससुर व सास के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी शिरीन अदनान अंसारी (25) ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसके ससुराल वाले छोटे-मोटे कारणों से गालीगलौज, धमकी देना, ताना मारना और मायके से बार-बार पैसे लाने को लेकर उसका शारीरिक व मानसिक शोषण कर रहे थे. यह 5 अप्रैल 2021 से 14 जनवरी 2022 की घटना है. जिससे परेशान होकर उसने अपने पति अदनान अनिस अहमद अंसारी (29), ससुर मोहम्मद अनिस अहमद अंसारी (59) व सास असपिया अंजुम अनिस अहमद अंसारी (50) के खिलाफ शांतिनगर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है.

# उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सर्वोपरि प्रयत्न करें-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

धर्मेंद्र उपाध्याय

**ठाणे.** शहर में स्थित हॉटेल टिप-टॉप प्लाजा में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास मंडल के वागले औद्योगिक भूखंड क्रमांक पी-42 में बहुस्तरीय पार्किंग के भूमि पूजन व मुख्यमंत्री मऔविम कर्मचारी स्वास्थ्य विमा योजना मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों से हुआ और उन्होंने ने कहा की राज्य में उद्योग को अच्छे तरीके से चलाने के लिए सभी लोग प्रयत्न करें। इस अवसर पर उद्योग मंत्री उदय सामंत,पूर्व विधायक रविंद्र फाटक, महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.बिपिन शर्मा, सहायक मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल भंडारी, विजय राठोड, एमआयटीएल के एम.डी. मल्लिकनेर, पूर्व नगर सेवक एकनाथ भोईर, हनुमंत जगदाले, विकास रेपाले, जानकर, पूर्व नगरसेविका नम्रता जाधव भोसले के साथ स्थानिक



पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।इस समय मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि राज्य में उद्योग को चलाने के लिए सभी सुविधाओं को उपलब्ध कराना आवश्यक है।राज्य बड़े पैमाने पर विस्तार करना चाहिए सरकार गतिमान है और सभी लोगों को मिलकर गतिमान काम करना चाहिए।आज महाराष्ट्र एफडीआय में राज्य में न.1पर है।साथ ही कहा कि एमआयडील अधिकारी, कर्मचारी को हर साल टैब का वितरण किया जाता है।औद्योगिक विकास महामंडल के 450 अधिकारी व कर्मचारियों को पदोन्नति किया गया है।औद्योगिक विकास महामंडल के सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारियों को मेडिक्लेम योजना का शुरू किया गया।इसके साथ ही राज्य में कैशलेस स्वास्थ्य सेवा को पूरे राज्य में शुरू किया जायेगा।शासन आपके द्वार इस योजना के तहत सर्व सामान्य लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा और अबतक 2 करोड़ 8 लाख लोग इसका लाभ लिये है।इसके अलावा जरूरत मंद लोगों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से ढाई करोड़ रुपया वितरण किया गया है।वहीं उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा कि औद्योगिक विकास मंडल के लिए यह ऐतिहासिक दिन है।पार्किंग स्थल के बनने के बाद ठाणे शहर में ट्रैफिक समस्या से रहिवासियों को निजात मिलेगी और मुख्यमंत्री का यह ड्रीम प्रोजेक्ट है इसको बनाने में 34 करोड़ रुपये खर्च होगा।इस समय मंत्री सामंत के हाथों से औद्योगिक विकास मंडल के कर्मचारियों के परिजनों को 350 टैब दिया गया।450 अधिकारी व कर्मचारियों को पदोन्नति भी किया गया।इस कार्यक्रम का सूत्र संचालन मानसी सोनटक्के ने किया।इस कार्यक्रम में अधिकारी व कर्मचारी के साथ उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बाबा सिद्दीकी NCP में शामिल

## कांग्रेस से दिया था इस्तीफा, बोले- मुझे करी पत्ते की तरह इस्तेमाल किया

**मुंबई.** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी शनिवार (10 फरवरी) को अजित पवार की नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (NCP) में शामिल हो गए।

सिद्दीकी ने मुंबई में डिप्टी सीएम अजित पवार और NCP के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल सहित दूसरे नेताओं की मौजूदगी में पार्टी जॉइन की। उन्होंने 8 फरवरी को कांग्रेस से इस्तीफा दिया था।



NCP की सदस्यता लेने के बाद बाबा सिद्दीकी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा- कांग्रेस में मुझे करी पत्ते की तरह इस्तेमाल किया गया, जिसका काम सिर्फ स्वाद बढ़ाना होता है। जब आपकी बात न सुनी जाए तो आप किनारा कर ही लेते हैं। अब चिड़िया खेत चुग गई है।

सिद्दीकी ने कहा- मैं 48 साल तक कांग्रेस से जुड़ा रहा। इतने समय में लोगों की जिंदगी निकल जाती है। मैं मोटी चमड़ी का नहीं हूं। इसलिए मुझे पार्टी छोड़ते वक्त दुख हुआ। रोज रोने से अच्छा है कि आप दूर हो जाएं। कांग्रेस को सिर्फ वोट चाहिए। उन्हें कुछ देना नहीं है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बाद संभावना थी कि ये रायपुर लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर आते। यहां चुनाव कि तैयारियों को लेकर बैठक करते, लेकिन उससे पहले ही सिद्दीकी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

बाबा सिद्दीकी एक महीने के दौरान कांग्रेस छोड़ने वाले महाराष्ट्र के दूसरे बड़े नेता हैं।

इससे पहले 14 जनवरी को महाराष्ट्र कांग्रेस के सीनियर लीडर रहे मुरली देवड़ा के बेटे मिलिंद देवड़ा ने पार्टी छोड़ी थी। वे शिंदे गुट की शिवसेना में शामिल हो गए थे। मिलिंद ने कहा था- मैंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इसी के साथ पार्टी के साथ मेरे परिवार का 55 साल पुराना रिश्ता खत्म हो गया।

# दुकानों के शेड पर कडोंमपा की कार्रवाई

- अतिक्रमण तोड़कर फुटपाथ किया साफ
- छुट्टी के दिन भी प्रशासन एक्शन मोड़ पर

**कल्याण.** मनपा आयुक्त डा.इंदुरानी जाखड़ के आने के बाद मनपा की कामकाज में ना सिर्फ तेजी आई है, बल्कि कामकाज में सुधार भी हो रहा है। कारण छुट्टी के दिन भी अधिकारी अपने मिशन को पूरा करने में लगे हुए हैं। रविवार को सी-वार्ड के सहायक आयुक्त संजय साबले दलबल के साथ सड़क पर नजर आए। उन्होंने सहजानंद चौक से लेकर शिवाजी चौक तक अतिक्रमण किए हुए दुकानों के शेड और चौक-चबूतरों को तोड़कर फुटपाथ साफ कर



दिया। इस तोड़क कार्रवाई से व्यापारियों में खलबली मची है। कारण दुकानदारों ने दुकान के अलावा उपर शेड डालकर फुटपाथ कब्जा कर रखा था। मनपा की इस कार्रवाई से कल्याण में हड़कंप मचा है। राह चलने वाले नागरिक खुश हैं। वहीं दुकानदारों में खलबली मची है। बतादें कि पिछले हप्ते केडीएमसी कमिश्नर डा.इंदुरानी जाखड़ ने सहायक आयुक्त और बीट अधिकारी को अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण के लिया अगाह किया था। जिसका असर आज देखा जा रहा है, और अधिकारी छुट्टी के दिन भी मिशन को पूरा करने में लगे हैं। पवनसिंह तोमर नामक एक राहगीर ने कहा कि शिवाजी चौक से लेकर मोहम्मद अली चौक तक राह चलना मुश्किल हो गया था, लेकिन अब मैदान साफ हो गया है।

## ठाणे फूड एंड ड्रग्स विभाग की छपेमारी में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे.** शहर चितलसर पुलिस थाने क्षेत्र में फूड एंड ड्रग्स विभाग की टीम ने विभिन्न ठिकानों छपेमारी की और 5 हजार 447रुपये कीमत का प्रतिबंधित सुगन्धित तंबाकू मिक्स सुपारी,पान मसाला,गुटका जब्त किया है.मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को ठाणे फूड एंड ड्रग्स विभाग की टीम द्वारा अलग अलग ठिकानों के तीन दुकानों पर छपेमारी की गई और प्रतिबंधित 11 प्रकार के तंबाकू मिक्स सुपारी,पान मसाला जब्त किया गया.उक्त प्रतिबंधित पदार्थ बेचने के मामले में संदीपकुमार शंकर साह, बिटु कुमार हरिशंकर मोदी,और मोहित कुमार राधेश्याम गुप्ता के खिलाफ चितळसर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है.

# नरेश मणेरा को विधानसभा भेजो -संजय राऊत

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** शिवसेना की ओर से आयोजित महाराष्ट्र महोत्सव राज्यसभा सांसद सांसद संजय राऊत ने कार्यक्रम में उपस्थित सांसद राजन विचारे से कहा कि हमसब की जिम्मेदारी है नरेश मणेरा को विधानसभा भेजना है।इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथी शिवसेना नेता व राज्यसभा सांसद संजय राऊत, शिवसेना नेता, सांसद राजन विचारे, समिधा मोहिते, संजय तरे, महेश्वरी तरे, सचिन चव्हाण, दिनेश वर्मा, दादासाहेब गवली, मधुसूदन विचारे, ज्योती कदम आदि लोग उपस्थित थे।इस महोत्सव में राऊत



ने कहा कि संगीत के इस कार्यक्रम में तेज तर्रार भाषण करने के लिए हमें बुलाया गया है लेकिन यह अच्छा नहीं है।हमारी बहने सिटी बजा रही है कि असली शिवसेना यही है।उन्होंने कहा कि शिवसेना का यह महोत्सव मणेरा लगातार 12 साल से करते आ रहे हैं लेकिन पिछले दो साल से जोरदार तरीके से कर रहे हैं इसलिए इनको विधानसभा में भेजना है।थोड़ा देर पहले गाना गाया गया कि पल पल दिल के पास ही शिवसेना है।इसलिए शिवसेना हमारे दिल में है इसको कोई निकाल नही सकता है।हम सच्चे बाजीगर है बाकी बाजीराव आते है बाजीराव जाते हैं।ठाणे के असली बाजीगर यहां है।शिवसेना ओवला-माजीवाड़ा विधानसभा संपर्क प्रमुख नरेश मणेरा व शिवसेना नेता व सांसद राजन विचारे उत्तम तरीके से ठाणे के शिवसेना के गढ़ को संभाल कर रखा है।ठाणे यह शिवसेना की है और शिवसेना ठाणे की है।यह बात राज्यसभा सांसद संजय राऊत ने उपस्थित लोगों के बीच में कहा।

## न्यू गौरीपाड़ा से आटो रिक्शा चोरी


**भिवंडी.** न्यू गौरीपाड़ा, दिवीनशाह दर्गा के पास से एक आटो रिक्शा चोरी हो गया. जिसकी शिकायत अमन अब्बास खान ने भोईवाड़ा पुलिस में दर्ज कराई है. जिसके अनुसार अमन खान ने अपना आटो रिक्शा (क्र. एमएच 04 जेक्यू 1521) अपने घर के पास सड़क किनारे खड़ा किया था. 18 जनवरी जनवरी से 8 फरवरी के दरम्यान कोई आटो रिक्शा चोरी कर ले गया. जिसकी कीमत 40 हजार रुपए है. भोईवाड़ी पुलिस चोरी का मामला दर्ज कर जांच कर रही है.

# स्पा सेंटर पर पुलिस का छापा

- 7 पीड़िता रेस्क्यू
- मालिक व मैनेजर गिरफ्तार

**ठाणे.** शहर कासारवड़ावली पुलिस थाने क्षेत्र में मसाज के नाम पर चल रहे एक स्पा सेंटर पर पुलिस ने छापा मारकर दलदल से सात पीड़ित महिलाओं को बचाया और मालिक मैनेजर को गिरफ्तार कर उनके पास से लैपटॉप,मोबाइल अन्य सामग्री जब्त कर लिया.

सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. बीनू वर्गीस ने बताया कि हमें सूचना मिली थी. कासारवड़ावली पुलिस



थाने क्षेत्र घोडबंदर रोड एम.के .प्लाजा बिल्डिंग शॉप नंबर 103, वेलनेस थाई स्पा में मसाज के नाम पर देहव्यापार का गोरख धंधा चल रहा है.डॉ.वर्गीश द्वारा इस मामले की जानकारी ठाणे शहर यूनिट पांच के डीसीपी आमर सिंह जाधव को दी गई. जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कासारवड़ावली पुलिस थाने के सीनियर पीआई सुनिल पाटील,और चितलसर पुलिस थाने के एपीआई आरजी वेंगुरलेकर की टीम ने संयुक्त रूप से जाल बिछाया और एक फर्जी ग्राहक भेजकर छापा मारा मौके से सात पीड़ित महिलाओं को दलदल से रेस्क्यू किया.और वेलनेस थाई स्पा सेंटर चलाने वाले मालिक और मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया .आरोपियों के खिलाफ पुलिस पीटा एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की छानबीन कर रही है.

## इमारत का हिस्सा ढहने से दो ऑटोरिक्शा चालक घायल

**मुंबई.** महाराष्ट्र में मुंबई के बोरीवली इलाके में पुरानी इमारत के ढांचे को ध्वस्त करने के दौरान उसका एक हिस्सा ढह जाने से दो ऑटोरिक्शा चालक घायल हो गए और उनके वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना दोपहर में उपनगर में गणेश मंदिर के पास नैन्सी कॉलोनी में तब हुई जब एक तीन मंजिला इमारत को तोड़ा जा रहा था। उन्होंने बताया कि इमारत पहले से ही खाली थी।

अधिकारी के अनुसार, इमारत का कंक्रीट से निर्मित एक बड़ा हिस्सा बगल की सड़क पर दो ऑटोरिक्शा पर गिर गया जिससे चालक रविकुमार लखनकुमार राणा (45) और सुमन शुक्ला (34) घायल हो गए। वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है।

# भूमि विवाद को लेकर आदिवासी का अपहरण

- कुख्यात अपराधी है अपहरणकर्ता
- ईंट की भट्टी से किया गया था पीड़ित का अपहरण

**ठाणे.** ठाणे जिले में हिस्ट्रीशीटर और उसके कुछ साथियों ने मिलकर एक 41 वर्षीय आदिवासी व्यक्ति का अपहरण कर लिया। भूमि विवाद को लेकर आदिवासी व्यक्ति को धमकाया भी गया और उसे एक बंगले में बंधक बानकर उसपर हमला भी किया।

यह घटना गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात को घटी। पडघा पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि भिवंडी तालुका के उदीदपाड़ा गांव के संतोष देव बाबर ने शिकायत दर्ज कराई। इस घटना का मुख्य आरोपी यासीन शाहनवाज चिखलेकर एक कुख्यात अपराधी है। उसे 2014 में दो साल के लिए ठाणे, पालघर, रायगढ़, मुंबई और नासिक से निर्वासित कर दिया गया था।

उसके साथ उसके अन्य सहयोगियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 365, 143, 323, 504, 506 और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।



चिखलेकर ने गुरुवार को रात के 11 बजे पीड़ित का तुलसी में ईंट भट्टी से अपहरण किया था। उसे पहले चिखलेकर के दफ्तर ले जाया गया, जहां उस धमकाया गया और साथ ही उसके साथ गाली गलौच भी की गई। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, पीड़ित को बाद में बंगले में बंधक बनाकर रखा गया और उसे जबरन शराब भी पिलाया गया। इसके बाद उसपर बोतलों से हमला भी किया गया।

रिहा होने के बाद पीड़ित ने एक एनजीओ से सहायता मांगी और उनकी मदद से पुलिस में शिकायत दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं, जिसमें हत्या का भी मामला शामिल है।

# 'रजाकर' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर पहुंचीं कंगना

- एक्ट्रेस ने जय श्रीराम के नारे लगाए
- सरदार वल्लभ भाई पटेल की तुलना भगवान शिव से की

**श**निवार को 'रजाकर' फिल्म का ट्रेलर लॉन्च इवेंट रखा गया। इस इवेंट के लिए भारतीय जनता पार्टी के मेंबर गुडूर नारायण रेड्डी ने कंगना रनोट को भी इनवाइट किया। इवेंट के दौरान कंगना रनोट 'जय श्रीराम' के नारे लगाते नजर आईं।



उन्होंने भारत के महान फ्रीडम फाइटर और डेप्युटी प्राइम मिनिस्टर सरदार वल्लभ भाई पटेल की तुलना भगवान शिव से की। कंगना ने टुकड़े गैंग के बारे में भी बात की। कंगना ने ट्रेलर लॉन्च इवेंट में कहा- मैंने दो दिन पहले 'रजाकर' फिल्म का ट्रेलर देखा और मुझे बहुत अच्छा लगा। हम लोगों ने हमेशा अपनी किताबों में महात्मा गांधी और पंडित नेहरू के बारे में पढ़ा है। लेकिन ऐसे बहुत महान लोग हैं, जिनके बारे में हम नहीं जानते हैं। जैसे सरदार वल्लभ भाई पटेल। उनकी तुलना भगवान शिव से की जाती है। जिस तरह से भगवान शिव ने सती जी के अंगों को एक-साथ रखा, उसी तरह आजादी के बाद हमारे टूटते हुए भारत को जिस शख्स ने पकड़कर रखा वो वल्लभ भाई पटेल हैं। भारत की आजादी के 396 दिनों के बाद हैदराबाद को आजादी मिली। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हैदराबाद के निजाम भारत के साथ नहीं जाना चाहते थे। लेकिन वहां की जनता भारत के साथ आना चाहती थी। टुकड़े गैंग क्लेम करती है कि हम टुकड़ों-टुकड़ों में बसने वाले राज्य थे। ऐसे गैंग को इतिहास दिखाने की जरूरत है।

# छात्राओं को लगाया कैंसर निरोधक का टीका



**नवी मुंबई.** रोटरी क्लब खारघर मिड टाउन जी.पी. द्वारा गर्भाशय में होने वाले कैंसर की रोकथाम के लिए छात्राओं के टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया. खारघर के मुरबी स्थित जिला परिषद के स्कूल में आयोजित इस शिविर में 8 से 14 वर्ष की 50 छात्राओं का टीकाकरण किया गया. 6 महीने के बाद इन छात्राओं को दूसरा लगाया जाएगा. ऐसी जानकारी रोटरी क्लब खारघर मिड टाउन के अध्यक्ष अनुप गुप्ता ने मीडिया को दी. इस मौके पर क्लब के सचिव डॉ. रवि किरन, सेवा प्रकल्प के संचालक शैलेश पटेल, डॉ. चित्रा कुलकर्णी, डॉ. अमोघ शहाणे और अन्य रोटेरियन उपस्थित थे. इस टीकाकरण शिविर के आयोजन के लिए मुरबी स्कूल की प्रधानाध्यापिका ने रोटरी क्लब खारघर मिड टाउन और शिविर में सेवा देने वाले सभी डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया.

## 4 लाख रुपए डिपाजिट लेने के बाद भी फ्लैट नहीं दिया

**भिवंडी.** एक लूम कामगार से हैवी डिपाजिट के रूप में 4 लाख रुपए लेने के बाद भी उसे आरोपी ने रूम नहीं दिया और बाद में फर्जी चेक देकर उसके साथ धोखाधड़ी की. निजामपुर पुलिस में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी नाजिस (पूर्ण नाम पता नहीं) लूम कामगार फिर्यादी रशीद अब्दुल रहमान (50) को बाला कंम्पाउंड, चौथा निजामपुरा, अलहम अपार्टमेंट की दूसरी पर मंजिल पर रूम दिखाया. जिसके लिए 3 मार्च 2023 को उनसे रशीद से 4 लाख रुपए हैवी डिपाजिट के रूप में ले लिए. लेकिन उसे रूम नहीं दिया. रशीद के पैसे वापस मांगने पर उसने 3 लाख 50 हजार रुपए के 3 फर्जी चेक दिए. अंततः पैसे वापस न मिलने की सूरत में रशीद ने गुरुवार को निजामपुरा पुलिस में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई.

# अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को बम से उड़ाने की धमकी

- ईमेल भेजने वाले ने खुद को अमेरिकी नागरिक बताया
- FIR दर्ज की



**मुंबई.** बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स इलाके में स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को बम से उड़ाने की धमकी मिली। मुंबई पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 3.50 बजे rkgtrading777@gamil.com के आईडी से ईमेल मिला है।

मेल भेजने वाले ने खुद को अमेरिकी नागरिक होने का दावा किया। उसने कहा कि वह अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के ऑफिस को उड़ा देगा। साथ ही वहां काम करने वाले सभी अमेरिकी लोगों को भी मार देगा। घटना के बाद मुंबई की बांद्रा कुर्ला पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ FIR दर्ज की है। अधिकारियों ने बताया कि IPS की धारा 505(1)(बी) और 506(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है।

## आम सूचना

मैं श्रीमती इंदिरा ज्ञानो करमचंदानी सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप न. 3, ग्राऊंड फ्लोर, ऋषि मार्केट, प्लाट नं. 5 व 6, बैरक नं. 470-ए, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय016601600) उक्त प्रॉपर्टी श्री दौलतराम हसाराम फुलवाणी (बिल्डर) के नाम पर है। श्री साधुमल दानोमल छाब्रिया ने उक्त जायदाद श्री दौलतराम हसाराम फुलवाणी से दि. 10.9.1985 में खरीदी थी। मैंने श्री साधुमल दानोमल छाब्रिया से सेल एग्रीमेंट दि. 6.2.1988 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती इंदिरा ज्ञानो करमचंदानी

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS
आपकी आवाज 15 सेकंड का वीडियो 9322233577
इस नंबर पर भेजकर हमारे न्यूज के जरिए अपनी समस्या प्रशासन तक पहुंचाएं।

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
Lakhs THANK YOU Viewer's
21,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099